# कार्यालय उत्तर प्रदेश सूचना आयोग, आर0टी0आई0 भवन, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

## कार्यालय आदेश

उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग, आर.टी.आई. भवन में दिनांक 15 अगस्त, 2026 को 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन निम्नवत् किया जाएगा–

| क्र0 सं0 | समय | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 1 | 07:45 | माननीय राज्य मुख्य सूचना आयुक्त, माननीय राज्य सूचना आयुक्तगण तथा अधिकारीगण/कर्मचारीगण का कार्यक्रम स्थल पर आगमन। |
| 2 | 08:00 | 1. माननीय राज्य मुख्य सूचना आयुक्त डॉ. राजकुमार विश्वकर्मा द्वारा ध्वजारोहण।<br>2. राष्ट्रगान की प्रस्तुति एवं वंदे मातरम् का सामूहिक गायन– श्रीमती सरिता वर्मा, श्री अतुल दूबे, श्रीमती सुषमा सिंह, श्रीमती सोनम यादव, श्रीमती अर्चना वर्मा, श्री शरफुज्जमा, श्री जफर इकबाल एवं श्री सोनू कुमार सेन द्वारा।<br>3. आयोग के सुरक्षा गार्डों द्वारा ध्वज सलामी। |
| 3 | 08:30 | माननीय राज्य मुख्य सूचना आयुक्त द्वारा उद्बोधन तथा प्रशस्ति–पत्र वितरण। |
| 4 | 09:00 | आयोग के रिसेप्शन हॉल में सूक्ष्म जलपान, तत्पश्चात कार्यक्रम का समापन। |

2. कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रूचि श्रीवास्तव, संयुक्त रजिस्ट्रार, उत्तर प्रदेश सूचना आयोग द्वारा किया जाएगा।
3. कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाएँ उपसचिव डॉ. तेजस्कर पाण्डेय, प्रभारी अधिकारी (नज़ारत) के निर्देशन में संपादित की जाएँगी। इस कार्य में श्री अनिल त्रिखा (प्रभारी नज़ारत), श्री रिजवान अहमद, श्री धीरेन्द्र सक्सेना, श्री प्रदीप कुमार तथा श्री सतीष कुमार वर्मा सहयोग करेंगे। नज़ारत संबंधी व्यवस्थाओं का समन्वय श्री रिजवान अहमद द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।
4. सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था श्री मुमताज अहमद, प्रशासनिक अधिकारी द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।
5. उत्तर प्रदेश सूचना आयोग के पत्र संख्या 517 दिनांक 06 अगस्त, 2026 **(संलग्न)** के अनुपालन में उपसचिव डॉ. तेजस्कर पाण्डेय को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है। वे आयोग कार्यालय के समस्त कार्मिकों को ध्वजारोहण के नियमों तथा स्वतंत्रता दिवस समारोह से संबंधित अन्य आवश्यक निर्देशों एवं जानकारियों से स्पष्ट रूप से अवगत कराएँगे।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार**

**(कुमार प्रशान्त)**
सचिव

पत्रांकः 182 / उ0प्र0सू0आ0 / नज़ारत / 28 / 2026 लखनऊ दिनांकः 07 / अगस्त / 2026

**प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, मा0 मुख्य सूचना आयुक्त, उ0प्र0सूचना आयोग।
2. निजी सचिव, समस्त मा0 सूचना आयुक्तगण, उ0प्र0सूचना आयोग।
3. रजिस्ट्रार/संयुक्त रजिस्ट्रार/उप सचिव/वित्त एवं लेखाधिकारी/शोध अधिकारीगण/प्रशासनिक अधिकारी, उ0प्र0 सूचना आयोग।
4. प्रभारी अधिकारी नज़ारत, उ0प्र0 सूचना आयोग।
5. समस्त अनुभाग, उ0प्र0 सूचना आयोग।
6. समस्त नामित कर्मचारीगण को अनुपालनार्थ।

**(डॉ तेजस्कर पाण्डेय)**
उप सचिव

## उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग, विभूति खण्ड गोमतीनगर, लखनऊ

दिनांक– 06 अगस्त, 2026

पत्रांक: 517 / उ०प्र०सू०आ० / अधि० / 146 / 2014

### कार्यालय आदेश

प्रशासनिक सुधार विभाग के पत्रांक– 652/43–1–2026 के द्वारा विभाजन 'विभीषिका स्मृति दिवस 2026' एवं 'हर घर तिरंगा अभियान 2026' के आयोजन के संबंध में मुख्य सचिव द्वारा निर्गत संस्कृति अनुभाग के संलग्न पत्र संख्या– 184/2026/2106/चार–1955062 दिनांक– 31 जुलाई, 2026 में दिये गये निर्देशों के कम में आवश्यक कार्यवाही किये जाने की अपेक्षा की गयी है। संलग्न पत्र के आलोक में निम्न कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुए हैः–

1. भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत **'वन्दे मातरम'** की 150 वीं जयन्ती मनाई जा रही है। भारत सरकार द्वारा वंदे मातरम के तृतीय चरण के साथ **'हर घर तिरंगा अभियान 2026'** को उत्सव के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। तत्कम में दिनांक– 09 से 17 अगस्त, 2026 के बीच आयोग कार्यालय के प्रत्येक कार्मिक द्वारा अपने घरों में भौतिक रूप से तिरंगा फहराते हुए **'वंदे मातरम'** का गायन किया जायेगा तथा डिजिटल सेलीब्रेशन के अन्तर्गत तिरंगा के साथ सेल्फी एवं वंदे मातरम के गायन को हर घर तिरंगा की वेबसाईट (www.harghartiranga.com) पर सेल्फी लेते हुए अपलोड किया जायेगा।
2. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उ0प्र0 सूचना आयोग के आर0टी0आई0 भवन में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन में **'वंदे मातरम'** का सामूहिक गायन तथा राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) का ध्वजारोहण सनिश्चित किया जायेगा।
3. इस अभियान के अन्तर्गत उ0प्र0 सूचना आयोग के समस्त कार्मिकों द्वारा अपने घरों पर तिरंगा फहराया जायेगा।
4. उ0प्र0 सूचना आयोग की आधिकारिक वेबसाईट पर 'हर घर तिरंगा अभियान 2026' का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जायेगा तथा उ0प्र0 सूचना आयोग के कार्मिको को डिजिटल अभियान में भाग लेते हेतु **'सेल्फी विद तिरंगा'** को हर घर तिरंगा पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा।
5. आयोग कार्यालय में दिनांक– 09 से 17 अगस्त, 2026 के बीच मा0 राज्य मुख्य सूचना आयुक्त/मा0 राज्य सूचना आयुक्तगण/अधिकारीगण/कर्मचारीगण द्वारा तिरंगे के साथ सेल्फी लेते हुए फोटो एवं वंदे मातरम गायन के वीडियो हर घर तिरंगा वेबसाईट पर (www.harghartiranga,com) पर अपलोड किये जायेगे।
6. वंदे मातरम के गायन हेतु गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गाइड लाइन्स जारी की गयी है, जिसको इस लिंक से प्राप्त किया जा सकता हैः– https://orders_relatingto_singingplayingnationalsong_nationalanthemofimdiaeng_09072026_0_0.pdf/l आई0टी0 अनुभाग को निर्देशित किया जाता है कि उक्त लिंक आयोग कार्यालय के समस्त व्हाटसप ग्रुप पर प्रेषित करे।